चित्रकूट पुलिस

(1). “मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल के तहत जनपद के समस्त थानों की एन्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारो के प्रति जागरुक किया गया।

“मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल- जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित

आज दिनांक 26.08.2026 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा “मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत अपने-अपने थाना क्षेत्र में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का

अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2).** जनपद में लगातार हो रही वर्षा के कारण मंदाकिनी नदी के बढ़े जलस्तर से रामघाट एवं निर्मोही अखाड़ा क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हुई है।
इस स्थिति के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई।
ड्रोन निगरानी के माध्यम से जलभराव वाले क्षेत्रों, घाटों पर जलस्तर की स्थिति, फंसे हुए लोगों की लोकेशन तथा आवागमन मार्गों की स्थिति का जायजा लिया गया। ड्रोन से प्राप्त फुटेज के आधार पर राहत एवं बचाव कार्य को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ड्रोन निगरानी से ऐसे स्थानों पर भी नजर रखी जा रही है जहाँ मानवीय पहुंच कठिन है। इससे बाढ़ की वास्तविक स्थिति का आकलन करने और समय पर सहायता पहुंचाने में मदद मिल रही है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित थाना प्रभारियों एवं आपदा प्रबंधन टीम को निर्देश दिए गए हैं कि ड्रोन से प्राप्त इनपुट के आधार पर लगातार गश्त की जाए, खतरनाक घाटों पर बैरिकेडिंग की जाए और श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए जागरूक किया जाए।

चित्रकूट पुलिस द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

अपील: सभी श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों से अपील है कि बाढ़ के दौरान गहरे पानी में न जाएं, घाटों पर सावधानी बरतें एवं प्रशासन का सहयोग करें। किसी भी आपात स्थिति में डायल-112 अथवा पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें।

(3). जनपद में लगातार हो रही वर्षा के कारण मंदाकिनी नदी के बढ़े जलस्तर से रामघाट एवं निर्मोही अखाड़ा क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह एवं अपर जिलाधिकारी चित्रकूट(एफआऱ) श्री चन्द्रशेखर ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया।
अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घाटों पर जलस्तर की स्थिति, आवागमन की व्यवस्था तथा पुलिस एवं प्रशासन द्वारा किए गए सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया।
निरीक्षण के दौरान पाया गया कि रामघाट एवं निर्मोही अखाड़ा क्षेत्र में पानी का भराव हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों एवं तीर्थयात्रियों को असुविधा हो रही है।
पुलिस अधीक्षक एवं अपर जिलाधिकारी ने मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जाए, खतरे वाले स्थानों पर बैरिकेडिंग की जाए तथा लोगों को गहरे पानी में न जाने के लिए जागरूक किया जाए। साथ ही आपदा प्रबंधन टीम एवं गोताखोरों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए।इस दौरान अधिकारियों ने स्थानीय लोगों, पुजारियों एवं दुकानदारों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें बाढ़ से बचाव के प्रति सतर्क रहने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

(4). पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में थानाध्यक्ष रैपुरा श्री राम सिंह एवं पैरोकार मुख्य आरक्षी अवधेश कुमार शुक्ला द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी आकाश साहू द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायालय जे0एम0 द्वितीय श्री अभिनव कुमार दुबे द्वारा आज दिनाँक 29.08.2026 को थाना रैपुरा में पंजीकृत मु0अ0सं0- 37/18 धारा 279,337,338 भादवि0 के आरोपी अभियुक्त नंदकिशोर पुत्र रामनरेश निवासी माया का पुरवा थाना सराय अंकिल जनपद कौशाम्बी को न्यायालय उठने तक की सजा व 1200/- रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

(5). चित्रकूट पुलिस की तत्परता एवं मानवीय संवेदनशीलता का परिचय

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन जनपद में लगातार हो रही बारिश एवं मंदाकिनी नदी के बढ़ते जलस्तर को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस द्वारा आमजन की सुरक्षा के साथ-साथ बेज़ुबान पशुओं की सुरक्षा हेतु भी लगातार सतर्कता बरती जा रही है।

इसी क्रम में आज दिनांक 29.08.2026 को मंदाकिनी नदी में बाढ़ के तेज बहाव में एक गाय बहकर आ रही थी। सूचना/दृष्टिगत होने पर यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर साहस एवं तत्परता का परिचय देते हुए गाय को नदी के तेज बहाव से सुरक्षित बाहर निकाला गया।

यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा गाय को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाकर उसकी जान बचाई गई। पुलिस कर्मियों की इस मानवीय पहल की स्थानीय लोगों द्वारा सराहना की गई।

सुरक्षित बाहर निकालने वाली टीम-

1. टीएसआई आलोक कुमार
2. आरक्षी रामकिशन प्रजापति
3. आरक्षी चन्द्रवीर

(6). आज दिनाँक 29.08.2026 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने का भरोसा दिया गया तथा पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबा एवं दो/चार पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।